न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बेरमो (तेनुघाट)
छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(क)/(ख) के अंतर्गत
**परमिशन वाद संख्या 180 वर्ष 2016**

आवेदक–मिथलेश प्रसाद महतो वगै0
ग्राम –बेन्दोटॉड टोला–+++
थाना – कसमार जिला–बोकारो

क्रेता– जयमनी देवी
ग्राम– बेन्दोटॉड टोला– +++
थाना –कसमार जिला– बोकारो

| की क्र0 वं तारीख 01 | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर 02 | आदेश पर की ग कार्रवाई के बारे टिप्पणी तारीख व साथ। 03 |
|---|---|---|

आदेश

यह वाद आवेदक मिथलेश प्रसाद महतो, कमलेश कुमार महतो दोनों पिता स्व0 काशीनाथ महतो निवासी ग्राम बेन्दोटॉड थाना कसमार जिला –बोकारो द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(क))/(ख) के अंतर्गत निम्नांकित जमीन, विवरण निम्नवतः–

| मौजा | थाना न0 | खाता न0 | प्लॉट न0 | कुल रकबा | बिक्री रकबा | भूमि दर्जा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेन्दोटॉड | 70 | 35 | 128 | 28 डी0 | 05 डी0 | आ0 योग्य |
| | | | 129 | 03 डी0 | 03 डी0 | आ0 योग्य |

को वे बहन की शादी हेतु मो0 1,00,000/– (एक लाख ) रूपये में क्रेता– जयमनी देवी पति हरिलाल महतो ग्राम बेन्दोटॉड थाना –कसमार जिला– बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति हेतु समर्पित आवेदन के आधार पर आरम्भ किया गया तथा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(ख)/ के तहत आवेदन पत्र को पंजीकृत करते हुए आम सूचना निर्गत की गई, तथा इस कार्यालय के पत्रांक 560 रा0, दिनांक 18.10..2016 के माध्यम से अंचल अधिकारी, कसमार से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई।

निर्धारित अवधि तक किसी के द्वारा प्रस्तावित भूमि की अनुमति प्रस्ताव के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। प्रस्तावित भूमि की बिक्री की अनुमति के संबंध में अंचल अधिकारी, कसमार के पत्रांक 665 दिनांक 28.11.2016 से वांछित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि:–

01. बिक्रेतागण एवं क्रेता दोनो कुर्मी जाति के सदस्य हैं जो पिछडा वर्ग के अंतर्गत आते हैं। बिक्रेतागण एवं केता दोनों ग्राम–बेन्दोटॉड एवं थाना–कसमार जिला–बोकारो का निवासी है।
02. बिक्री की जाने वाली भूमि सर्वे खतियान में काशीनाथ महतो के नाम से दर्ज है तथा जमाबन्दी भुवनेश्वर महतो वगैरह के नाम से पंजी–II के पृष्ठ सं0 25 ए/1 केवाला के आधार पर में दर्ज है एवं लगान रसीद वर्ष 2015–16 तक निर्गत है। बिक्रेता को यह भूमि आपसी बॅटवारा द्वारा हासिल है।
03. प्रस्तावित भूमि भू हदबन्दी, भूदान, सैरात, वन भूमि, सी0सी0एल0 अधिग्रहित क्षेत्र, से बाहर है।
04. जमाबंदी रैयत से बिकेता का पिता का संबंध है बिकी की जानेवाली भूमि बिक्रेता के हक–हिस्से एवं दखल कब्जा है।

उनके द्वारा बिक्रेता को प्रस्तावित भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन को अग्रसारित किया गया है।

दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों का ब्यान दर्ज किया गया। बिक्रेतागण द्वारा अपने ब्यान में बतलाया गया है कि आवेदनांकित जमीन उनके पूर्वज काशीनाथ महतो के नाम सर्वे खतियान में दर्ज है तथा जमाबन्दी भुवनेश्वर महतो के नाम से चल रही है बिक्री वाली जमीन उसके हिस्से की है जिसे वे आवश्यकता वश बेच रहे हैं।

क्रेता का कहना है कि उन्होंने प्रस्तावित जमीन को देखी है। उक्त जमीन में कोई विवाद नहीं है,

तथा वर्तमान में आवेदक के शान्ति पूर्ण दखल कब्जे में है।

उभय पक्ष अपने पक्ष में निम्नांकित कागजात/दस्तावेज प्रस्तुत करते हैं:–

01. विक्रेतागण– केवाला की छायाप्रति जिसका डीड न0 3049 एवं दिनांक 27.04.54 है स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति।

02. क्रेता–स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति।

दोनों पक्षों का ब्यान सुनने, उनके द्वारा समर्पित कागजातों एवं अंचल अधिकारी कसमार से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि बिक्रेतागण एवं क्रेता दोनों कुर्मी जाति के सदस्य हैं जो पिछड़ा वर्ग जाति के अंतर्गत आते हैं तथा वे दोनों एक ही ग्राम, थाना एवं जिलान्तर्गत निवास करने वाले हैं। आवेदित भूमि बिक्रेतागण के हिस्से की खरीदगी जमीन है, जिसे वे आवश्यकता वश बेचना चाहते हैं।

अतः आवेदक मिथलेश प्रसाद महतो, कमलेश कुमार महतो दोनों पिता स्व0 काशीनाथ महतो ग्राम बेन्दोटॉड थाना कसमार जिला–बोकारो को निम्नांकित भूमि :–

| मौजा | खाता न0 | प्लॉट न 0 | कुल रकबा | बिकी रकबा | उत्तर सीमा | दक्षिण सीमा | पूरब सीमा | पश्चिम सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेन्दोटॉड 64 | 35 | 128 | 28 डी0 | 05 डी0 | भुवनेश्वर महतो | ढुलु महतो | जागेश्वर महतो | रास्ता |
| | | 129 | 03 डी0 | 03 डी0 | भुवनेश्वर महतो | ढुलु महतो | जागेश्वर महतो | रास्ता |
| ***08(आठ) डीस्मिल मात्र।*** | | | | | | | | |

मो0 1,00,000/– (एक लाख ) या जिला अवर निबंधक बोकारो द्वारा निधारित नवीनतम भूमि मूल्यांकित राशि में जो अधिक हो, की दर से क्रेता– जयमनी देवी पति हरिलाल महतो ग्राम बेन्दोटॉड थाना –कसमार जिला–बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

इसके साथ ही इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। इस आदेश से उभय पक्षों को अवगत करावें।

लेखापित एवं संशोधित

15/02/17 — 15/02/17

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बेरमों (तेनुघाट)।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बेरमों (तेनुघाट)।

Digitally signed by MUKESH MACHHUWA
Date: 2025.01.16 01:18:27 -08:00
Location: 192.168.1.35